हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 29 सितंबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 चार करोड़ की लागत से संवरेगा धनगौरी बाबा मंदिर, 31.51 लाख...



07 रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस तक का मार्ग बदहाल



खबर संक्षेप

हिंदी पखवाड़ा समापन पर प्रतियोगिता आयोजित

इटारसी। नर्मदा कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित हिंदी पखवाड़े के समापन अवसर पर हिंदी भाषा एवं साहित्य विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भौतिक शास्त्र विभाग में किया गया। प्रतियोगिता में 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र प्रदान किया गया। तनु मीना ने प्रथम, पवित्र गौर ने द्वितीय तथा कल्पना गोस्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ. अतुल गौर, डॉ. सुरभि भट्ट, डॉ. शबनम कुरैशी एवं डॉ. प्रियंका राय उपस्थित रहे।

सहकारी समिति के रजत जयंती समारोह आयोजित

इटारसी। केसला पोल्ट्री सहकारी समिति सुखतवा का रजत जयंती समारोह सोमवार को उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में हजारों की संख्या में महिला सदस्य अपने परिवारजनों के साथ शामिल हुईं। 25 वर्षों में समिति से जुड़ी आदिवासी महिलाओं ने मुर्गीपालन के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की। कभी रेत ठेकेदारों और जंगल माफिया के शोषण का सामना करने वाले परिवार आज आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं।

स्व-सहायता समूहों का 'चूल्हा बंद' महिलाएं बैठीं भूख हड़ताल पर

मिड डे मील का सवाल: बच्चों की थाली पर संकट,10 दिनों से नहीं मिला पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश के स्कूलों और आंगनवाड़ियों में पढ़ने वाले मासूम बच्चों को मिलने वाले मध्याहन भोजन और पोषण आहार योजना पर गहरे संकट के बादल मंडराने लगे हैं। पिछले दस दिनों से बच्चों को पोषण आहार न मिलने के कारण वे भोजन से पूरी तरह महरूम हैं,लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार सरकारी तंत्र गहरी नींद में सोया हुआ है। अपनी जायज मांगों और महीनों से रुके हुए बकाए भुगतान को लेकर एवं दरें बढ़ाने के लिए प्रांतीय महिला समूह महासंघ के आह्वान पर स्व-सहायता समूहों ने अनिश्चितकालीन 'चूल्हा बंद' और अब भूख हड़ताल का बिगुल फूंक दिया है।सोमवार से संपूर्ण मध्यप्रदेश सहित नर्मदापुरम जिला मुख्यालय के पीपल चौक पर महिलाओं ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

शासन के 5 रूपए में खाना और 3 रूपये में नाश्ते की राशि देने का स्वसहायता समूह ने विरोध जताया है। महिलाएं भूख हड़ताल पर हैं।

शासन का मेनू कार्ड

- मंगलवार को खीर,पुड़ी और छोले की सब्जी,
- गुरुवार पकौड़े वाली कढ़ी और वेज पुलाव,
- अन्य दिन दाल,सब्जी और दो रोटियां।



शासन का बजट 'ऊंट के मूंह में जीरा'

न्यूनतम बजट के चलते इस तयशुदा मेन्यू को पूरा करना समूहों के लिए नामुमकिन साबित हो रहा है। समूह की रेखा सोनी, शारदा समूह की रेखा साहू और जिला मीडिया प्रभारी अजय मंजारिया ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि,शासन स्तर पर समूहों को 3 से 4 महीने तक लगातार भुगतान नहीं मिलता। जब महिलाएं आंदोलन करती हैं,तो ऊंट के मुंह में जीरा की तरह सिर्फ एक महीने का पैसा डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि महिलाओं को अपने जेवर गिरवी रखने और भारी-भरकम कर्ज लेकर इस व्यवस्था को चलाना पड़ रहा है। कंट्रोल से मिलने वाले गेहूं में भारी मात्रा में कचरा और दलिया पीसने पर निकलने वाला वेस्टेज होता है।

महिलाओं ने बयां किया अपन दर्द

समूह की सदस्य कविता राजपूत ने कहा कि महंगाई आसमान पर पहुंच गई है और हमे मिलने वाला बजट आज भी है बेहाल महिला समूह की पदाधिकारियों ने दर्द साझा करते हुए बताया कि उन्हें वर्ष 2018 से आज तक नाश्ते के लिए मात्र 3 रुपये और खाने के लिए केवल 5 रुपये प्रति बच्चा प्रदान किया जा रहा है। पिछले आठ वर्षों में महंगाई कई गुना बढ़ चुकी है। ऐसे में आज के समय में सिर्फ 5 रुपये में एक बच्चे के लिए पौष्टिक भोजन तैयार करना पूरी तरह असंभव हो चुका है।

मांगें नहीं मानी तो जारी रहेगी भूख हड़ताल

समूहों ने राशन की मात्रा में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने की मांग की है। साथ ही, घर पर भोजन बनाने के निर्देश तो दिए जा रहे हैं, लेकिन अलग से किराए का कमरा और व्यवस्था देने में शासन असमर्थता जता रहा है। इस संबंध में अजय मंजारिया,जिला मीडिया प्रभारी महिला स्वसहायता समूह ने कहा कि जब तक हमारी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होता,पूरे प्रदेश में यह भूख हड़ताल अनिश्चितकाल तक जारी रहेगी। वहीं परियोजना अधिकारी,महिला एवं बाल विकास विभाग का कहना था कि हमने 'रेडी टू ईट मील' यानी दलिया केंद्रों को उपलब्ध करा दिया है और समूहों की हड़ताल के संबंध में वरिष्ठ कार्यालय को अवगत करवा दिया है।

दो दुकानों पर चोरों ने बोला धावा चुराई नकदी, खाना भी ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी से 14 किलोमीटर दूर ऑर्डनेंस फैक्ट्री के बाजार में चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाया। ताले तोड़कर चोर नगदी, खाने का सामान और कपड़े ले गए। घटना सिक्योरिटी सेल से कुछ ही दूरी पर हुई। चोरी के बाद व्यापारियों में नाराजगी है।

चोरी हुई दुकानों में एक किराना और दूसरी कपड़े की दुकान है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, एक दुकान से करीब 5 हजार रुपए नगद, बिस्किट और कपड़े चोरी हुए हैं। दूसरी दुकान से भी सामान चोरी होने की बात सामने आई है। पथरोटा थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा ने बताया कि चोरी हुए सामान की सही जानकारी दुकानदारों से चर्चा के बाद सामने आएगी। एटीएम के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश कर रही है। घटना के बाद बाजार के व्यापारियों में नाराजगी है। उन्होंने पुलिस से चोरों को जल्द पकड़ने और रात में निगरानी बढ़ाने की मांग की है। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज से चोरों तक पहुंचने में पुलिस को फिलहाल दिक्कत आ रही है।

तारण तरण चैत्यालय में मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

इटारसी। तारण तरण दिगंबर जैन समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तारण तरण चैत्यालय जी में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 5वीं में अनन जैन, कक्षा 8वीं में आदिश जैन, कक्षा 10वीं में दक्ष जैन, कक्षा 12वीं में अनुश्री जैन, स्नातक में दृष्टि जैन तथा स्नातकोत्तर में ताशु जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समाज के वरिष्ठजनों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और सफलता समाज के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणादायक है। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ते हुए समाज और परिवार का नाम रोशन करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।



रेलवे स्टेशन के सामने युवक पर बेसबॉल के डंडे से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के सामने पोहा-जलेबी की दुकान के पास एक युवक के साथ गाली-गलौज, बेसबॉल के डंडे से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर एक ट्रेन सुपरवाइजर और उसके दो साथियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 12 बंगला चेतन नगर निवासी 38 वर्षीय शेख जावेद पिता शेख बशीर ने इटारसी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना 26 सितंबर की तड़के सुबह 4 बजे की है, जब फरियादी रेलवे स्टेशन के सामने पोहा-जलेबी की दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान एक ट्रेन सुपरवाइजर और उसके दो साथी वहां पहुंचे। उन्होंने बिना किसी उकसावे के शेख जावेद को गालियां देनी शुरू कर दीं। जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने बेसबॉल के डंडे और लात-घूंसों से उस पर हमला कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। शाम को फरियादी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

भोपाल के कांग्रेस पैदल मार्च में जिले की बड़ी भागीदारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जुड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में सोमवार को भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से निर्वाचन कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया। मार्च में प्रदेशभर से कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

नर्मदापुरम जिले से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन भोपाल पहुंचे और मार्च में सहभागिता की। जिले के विभिन्न ब्लॉकों और नगरों से पहुंचे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि नर्मदापुरम जिले का कांग्रेस संगठन प्रदेश नेतृत्व के प्रत्येक कार्यक्रम में पूरी ताकत के साथ सहभागिता करता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन आगे भी सक्रिय भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम के बाद शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने साथियों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस समन्वयक मानक अग्रवाल से भेंट की।

नपाध्यक्ष ने किया नीलकंठ कॉलोनी में सड़क का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और निर्माण की प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सोमवार को विभिन्न निर्माण कार्यों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्धारित मापदंडों और टेंडर की शर्तों के अनुरूप कार्य करने के स्पष्ट निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कार्यपालन यंत्री श्रीमती मीनाक्षी चौधरी एवं वार्ड पार्षद जिम्मी कैथवास के साथ वार्ड क्रमांक 6, पुरानी इटारसी स्थित नीलकंठ कॉलोनी में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत बनाई जा रही लगभग 160 मीटर लंबी बहुप्रतीक्षित सीसी रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।



उन्होंने सड़क की निर्माण प्रक्रिया, उपयोग की जा रही सामग्री एवं कार्य की गुणवत्ता का मौके पर जायजा लिया तथा निर्माण एजेंसी को निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

युवक पर जानलेवा हमले से जनाक्रोश, लोगों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के मालाखेड़ी क्षेत्र में दलित युवक अभिषेक पासी पर हुए जानलेवा हमले के बाद नगर में तनाव और भारी आक्रोश का माहौल है। 28 सितंबर को असामाजिक तत्वों द्वारा चाकूबाजी की इस वारदात के विरोध में सर्व हिन्दू समाज ने एकजुट होकर जिला प्रशासन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया। संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश महोदय को ज्ञापन सौंपकर दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को पुख्ता सुरक्षा और क्षेत्र में पनप रहे अवैध निर्माणों व आपराधिक सिंडिकेट पर बुलडोज़र कार्रवाई की मांग की है। जानलेवा हमले से क्षेत्र में खौफ, परिवार को मिल रहीं लगातार धमकियां ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि युवक पर यह हमला सुनियोजित तरीके से हत्या के उद्देश्य से किया गया था। इस खौफनाक वारदात के बाद से समूचे मालाखेड़ी और आसपास के इलाकों में आम नागरिकों के बीच भय व्याप्त है।



ज्ञापन में क्षेत्र के अंदर तेजी से हो रहे अवैध कब्जों और अनधिकृत निर्माणों को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई। इसे सुनियोजित षड्यंत्र करार देते हुए समाज ने मांग की कि सरकारी जमीनों पर हुए कब्जों की निष्पक्ष जांच कराकर अतिक्रमणों को शीघ्रता से ध्वस्त किया जाए। अवैध शराब, सट्टा और रेत माफिया पर सख्त एक्शन की मांग प्रतिनिधिमंडल ने जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, लकड़ी तस्करी, अवैध रेत उत्खनन और सरेराह छेड़छाड़ जैसी आपराधिक गतिविधियां बेरोकटोक जारी हैं। समाज ने मांग की कि पुलिस प्रशासन विशेष अभियान चलाकर इन समानांतर अवैध धंधों को जड़ से खत्म करे और कानून का राज स्थापित करे।

ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में मौजूद रहे नागरिक व संगठन कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपते समय विश्व हिंदू परिषद के जिला सेवा प्रमुख नितिन मेशकर, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष प्रखर राज शर्मा, नगर मंत्री किशोर गौर, नगर सह-मंत्री सुरेंद्र साहू, मनीराम बावरिया, गोलू यादव, रामजीवन बकोरिया, बंटी यादव, मनोज बावरिया, योगेश केतवास, मुन्ना वर्मा, अंकित वर्मा, विश्वास यादव, शोभाराम कहार, सचिन यादव, गजेंद्र केवट सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए, तो समाज जनहित और सुरक्षा की खातिर सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करने को विवश होगा।


28 सितंबर से 08 अक्टूबर तक चलेगा 10 दिवसीय सघन चेकिंग अभियान

नर्मदापुरम। सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने और असमय होने वाली मौतों को रोकने के लिए नर्मदापुरम पुलिस 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाने जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संचालित होने वाले इस अभियान का मुख्य फोकस दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर रहेगा। जिले भर में राष्ट्रीय राजमार्गों, स्टेट हाईवे, प्रमुख चौराहों और दुर्घटना संभावित 'ब्लैक स्पॉट्स' पर विशेष चेकिंग प्वाइंट बनाए जा रहे हैं।

खुले नालों और खुदी सड़कों से हादसों का खतरा, नपा से सुरक्षा इंतजाम की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में जगह-जगह खुले पड़े नालों और खुदी हुई सड़कों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। न्यास कॉलोनी निवासी सुनील मालवीय की खुले नाले में गिरने से हुई मौत के बाद शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए नगर पालिका प्रशासन से खुले नालों को तत्काल ढंकने और खतरनाक स्थानों पर सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है।



सड़कें तो खोदी लेकिन नहीं किया दुरूस्त

उन्होंने कहा कि शहर के कई हिस्सों में सड़कें खुदी हुई हैं और निर्माण कार्य के बाद उन्हें व्यवस्थित नहीं किया गया है। इससे वाहन चालकों, पैदल राहगीरों, बुजुर्गों और विद्यार्थियों को परेशानी के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने नगर पालिका से स्कूल-कॉलेज, बाजार, आवासीय क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

पांडेय ने कहा कि एमजीएम कॉलेज के समीप स्थित बड़े खुले नाले सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में खुले नाले नागरिकों के लिए खतरा बने हुए हैं। उन्होंने नालों के आसपास मजबूत बैरिकेडिंग लगाने तथा शहर के सभी खुले नालों का सर्वे कर उन्हें सुरक्षित करने की मांग की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि खतरनाक स्थानों को शिकायत का इंतजार किए बिना पहले से चिन्हित कर स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने सुनील मालवीय के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए।

5 अक्टूबर से सजेगा श्री राम लीला का भव्य मंच, टीम बनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


धर्म, आस्था और सांस्कृतिक वैभव के प्रतीक ऐतिहासिक 18 दिवसीय 'श्रीरामलीला महोत्सव 2026' का भव्य शंखनाद आगामी 5 अक्टूबर से होने जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाली भव्य श्रीराम बारात, लीला मंचन एवं विजयादशमी (दशहरा) उत्सव की अभूतपूर्व तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए समिति ने कमर कस ली है। आयोजन को गरिमामयी, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से पूर्व विधायक एवं समिति अध्यक्ष पं. गिरिजाशंकर शर्मा ने विस्तृत कार्यकारिणी एवं विभिन्न प्रभारियों की घोषणा कर दी है। उत्साह और भक्ति का अनुपम संगम आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए श्रीरामलीला संयोजक प्रशांत (मुन्नू) दुबे ने बताया कि नगर की समृद्ध धार्मिक परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी 18 दिनों तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन जीवन चरित्र का भावपूर्ण मंचन किया जाएगा। महोत्सव में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए मंचन, मेला प्रबंधन, विधि-व्यवस्था और स्वागत व्यवस्था के लिए अनुभवी व कर्मठ पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रमुख दायित्व एवं प्रशासनिक व्यवस्था मार्गदर्शन एवं लीला व्यवस्थाः लीला मंचन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान करने के लिए डॉ. पं. गोपाल प्रसाद खड्डर, विजय दास महंत एवं पं. अजय परसाई को लीला मार्गदर्शक बनाया गया है। पं. सुनील चौरे पात्र निर्देशक तथा दीपेश व्यास, सुभाष परसाई व अरुण तिवारी पात्र अधिकारी रहेंगे।

एक दान पितरों के नाम अभियान में दान होगी सामग्रियां

आज महा भरणी का विशेष योग, तर्पण से गया के समान मिलेगा फल, पितृ लोक का मार्ग होगा सुगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में इन दिनों पितृपक्ष के चलते तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कार्यक्रम चल रहे हैं । आज महा भरणी नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। आज तर्पण करने से बिहार के गया तीर्थ जैसे फल की प्राप्ति होगा। यह नक्षत्र विशेष है इस दिन पितृ लोक का मार्ग सुगम हो जाता है। पवित्र नदियों और जलाशय में आज के दिन तर्पण करने से विशेष फल की प्राप्ति होगी। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के साथ महालय यानी पितृपक्ष का आरंभ हुआ था । इस दौरान पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने की परंपरा है। ज्योतिष आचार्य पंडित पंकज पाठक ने बताया कि पितृपक्ष में पूर्णिमा श्राद्ध, नांदी मातामह श्राद्ध और पितृ निमंत्रण की परंपरा है। पितृपक्ष को पितरों के प्रति श्रद्धा और स्मरण का पर्व माना जाता है।



इस दौरान तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान के माध्यम से पितरों का स्मरण किया जाता है। पार्वण विधि के अनुसार भरणी श्राद्ध करने से गया श्राद्ध के समान फल मिलने की धार्मिक मान्यता है। शहर के सेठानी घाट सहित नर्मदा के सभी घाटों में सुबह से ही विधि विधान से पितृ तर्पण , पिंडदान के कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही तिथि के अनुसार श्राद्ध कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। तर्पण को लेकर घाटों पर विशेष साफ-सफाई सहित सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

स्कूलों में दान कर सकेंगे सामग्री

श्राद्ध पक्ष में एक दान पितृ के नाम अभियान की शुरुआत हो रही है। इसमें अपने पितृ के प्रति श्रद्धा से दान कर सकेंगे और स्कूल में छात्रों की उपयोगी सामग्री दी जा सकेगी। इस दौरान शासकीय विद्यालयों में टेबल कुर्सी पंखे सहित उपयोग की चीज दान की जा सकेंगी । पंडितों के अनुसार विद्यालयों में विद्या अर्जन करने वाले छात्रों को दान देने से इसका महत्व और बढ़ जाता है। जिले भर में यह अभियान होगा।

राज्यसभा सांसद नारोलिया ने हितग्राहियों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोहागपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत नयागांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र नयाकूकरा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया शामिल हुईं।

सांसद ने 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों की माताओं, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा अन्य महिला हितग्राहियों से संवाद किया। उन्होंने पोषण, स्वास्थ्य और बच्चों की देखभाल से संबंधित जानकारी दी।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी रंजना गोस्वामी, पर्यवेक्षक बानो खां, कार्यकर्ता सरस्वती उइके, सहायिका कुब्जा बाई कुमरे, संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी, वरिष्ठ कार्यकर्ता रंजना मीणा, सरपंच खुशबू रघुवंशी, सरपंच प्रतिनिधि दीपक रघुवंशी सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

खबर संक्षेप

पदोन्नति में 50 वर्ष की आयु सीमा से आक्रोशित पटवारी संघ



बैतूल। मप्र पटवारी संघ, जिला ने राजस्व विभाग की नीतियों और योजनाओं की विसंगतियों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिलाध्यक्ष मोहनलाल धुर्वे के नेतृत्व में पटवारियों ने कलेक्टर के नाम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी दो प्रमुख मांगों को लेकर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। पटवारी संघ ने पटवारी संवर्ग की पदोन्नति प्रक्रिया में लागू 50 वर्ष की आयु सीमा को गंभीर विसंगति करार दिया है। संघ का कहना है कि प्रदेशभर में बड़ी संख्या में पटवारी लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और वर्तमान में पदोन्नति हेतु जानकारी भी संकलित की जा रही है। लेकिन 50 वर्ष की आयु सीमा के कारण कई वरिष्ठ और पात्र पटवारी पदोन्नति के लाभ से वंचित हो रहे हैं। संघ ने मांग की है कि अन्य शासकीय सेवकों की भांति पटवारियों को भी उनकी वरिष्ठता और सेवा अवधि के आधार पर सेवानिवृत्ति तक पदोन्नति का समान अवसर प्रदान किया जाए। संघ ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना के अंतर्गत पटवारियों को सौंपे जा रहे निष्पादक के दायित्व पर भी सवाल उठाए हैं। अभिलेख विसंगति एवं कानूनी जवाबदेही भू-खण्ड के अधिकार अभिलेख या नाम में विसंगति होने पर पटवारी के समक्ष असमंजस की स्थिति बनती है। स्वामित्व, कब्जा और नाम से जुड़े विवादों के निराकरण की जवाबदेही सक्षम प्राधिकारी स्तर पर तय होनी चाहिए, ताकि भविष्य में न्यायालयीन या प्रशासनिक जवाबदेही पटवारी पर न आए। हितग्राही पहचान सत्यापन पर आपत्ति ग्राम आबादी में निवास करने वाले व्यक्तियों के व्यक्तिगत, पारिवारिक और निवास संबंधी सत्यापन का कार्य पटवारी के राजस्व कार्यक्षेत्र से सीधे संबंधित नहीं है।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

सारनी। वेकोलि पाथाखेड़ा क्षेत्र में सोमवार को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक क्षेत्रीय महाप्रबंधक जितेन्द्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने विभागों में राजभाषा के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अप्रैल से जून 2026 तक की तिमाही में पाथाखेड़ा क्षेत्र के विभिन्न विभागों एवं इकाइयों द्वारा किए गए हिन्दी पत्राचार की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए। क्षेत्रीय महाप्रबंधक जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि राजभाषा अधिनियम-1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी होने वाले दस्तावेज अनिवार्य रूप से द्विभाषी जारी किए जाएं। साथ ही हिन्दी में प्राप्त होने वाले पत्रों का उत्तर राजभाषा नियम-1976 के प्रावधानों के अनुसार हिन्दी में ही दिया जाए। उन्होंने कहा कि पाथाखेड़ा क्षेत्र के कार्यालय भारत सरकार द्वारा हिन्दी में कार्य करने के लिए वर्गीकृत क क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। ऐसे में क्षेत्र में शत-प्रतिशत हिन्दी पत्राचार का लक्ष्य निर्धारित है।

आज मेंटनेंस के कारण बंद रहेगा कालापाठा फीडर

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 29 सितंबर को 33/11 केव्ही हमलापुर केंद्र से निर्गमित 11 केव्ही कालापाठा फीडर का मेंटेनेंस किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन -1 के प्रबंधक ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य के चलते मंगलवार को प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक 11 केव्ही कालापाठा फीडर के लोहिया वार्ड, चुन्नी ढाना, राजेंद्र वार्ड, सिविल लाइन, संजय कॉलोनी, मुर्गी चौक, शिवाजी वार्ड, स्वीपर कॉलोनी, जेएच कॉलेज रोड में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

1913 में निर्मित प्राचीन नागदेव मंदिर अब नए स्वरूप में आएगा नजर

चार करोड़ की लागत से संवरेगा धनगौरी बाबा मंदिर, 31.51 लाख में जीर्णोद्धार का टेंडर स्वीकृत

भक्त निवास और सभागृह समेत कई विकास कार्यों की योजना, नाग पंचमी पर उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई





मोरखा ग्राम के समीप स्थित प्रसिद्ध धनगौरी बाबा (नागदेव मंदिर) के भव्य जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य को लेकर मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति अध्यक्ष गिरधर यादव के निवास पर हुई बैठक में मंदिर के जीर्णोद्धार, निर्माण कार्यों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के अनुसार मंदिर एवं परिसर के प्रस्तावित विकास कार्यों पर करीब 4 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। मंदिर समिति के सचिव राजू यदुवंशी ने बताया कि धनगौरी बाबा देवस्थान के विकास के लिए समिति द्वारा अब तक करीब एक करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए जा चुके हैं। अब प्रस्तावित योजना के तहत मंदिर का व्यापक जीर्णोद्धार एवं परिसर का विकास किया जाएगा। समिति का मानना है कि परियोजना पूरी होने के बाद धनगौरी बाबा देवधाम प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में अपनी पहचान बना सकता है।

31.51 लाख रुपये में स्वीकृत हुआ जीर्णोद्धार का टेंडर

मंदिर जीर्णोद्धार कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया के तहत तीन ठेकेदारों को आमंत्रित किया गया था। इनमें बारंगवाड़ी निवासी सुनील धुर्वे बैठक में उपस्थित नहीं हो सके। वहीं मुलताई निवासी मनोज पवार और बघोली निवासी हेमराज सोनवाने ने बैठक में उपस्थित होकर बोली प्रक्रिया में हिस्सा लिया। बोली प्रक्रिया के दौरान हेमराज सोनवाने ने अंतिम रूप से 36 लाख रुपये की बोली प्रस्तुत की। इसके बाद मनोज पवार द्वारा 31 लाख 51 हजार रुपये की बोली लगाई गई। मंदिर समिति ने विचार-विमर्श के बाद मनोज पवार की बोली पर सहमति जताते हुए उन्हें 31 लाख 51 हजार रुपये में मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का टेंडर स्वीकृत किया। टेंडर स्वीकृत होने के अगले ही दिन मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का ले-आउट डाला गया और इसके साथ निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई।

1913 में हुआ था पुराने मंदिर का निर्माण

मंदिर समिति के अनुसार वर्तमान प्राचीन मंदिर का निर्माण वर्ष 1913 में श्री सदोबा पटेल, सूरगांव, बैतूल निवासी द्वारा कराया गया था। करीब 113 वर्ष पुराने इस मंदिर का भवन अब जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। वास्तुकार द्वारा मंदिर का सर्वे किए जाने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से इसके जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया। समिति द्वारा मंदिर के पुराने स्वरूप और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए नए निर्माण एवं जीर्णोद्धार की योजना तैयार की गई है। इसके साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित करने पर भी चर्चा की गई।

भक्त निवास और सभागृह समेत सुविधाओं का होगा विकास

प्रस्तावित विकास योजना में मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ श्रद्धालुओं के लिए भक्त निवास, सभागृह और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित करने पर भी विचार किया गया है। समिति का कहना है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के यहां पहुंचने के कारण मंदिर परिसर में दर्शन व्यवस्था, ठहरने और अन्य सुविधाओं का विस्तार आवश्यक हो गया है। समिति द्वारा निर्माण कार्य को निर्धारित योजना के अनुसार गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। धनगौरी बाबा मंदिर क्षेत्र का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माना जाता है। यहां प्रतिवर्ष नाग पंचमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के क्षेत्रों के अलावा अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर को लेकर क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक मान्यताएं और जनश्रुतियां प्रचलित हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार मंदिर में विराजमान नागदेव बाबा, जिन्हें धनगौरी बाबा के नाम से भी जाना जाता है, भक्तों एवं उनके पशु-पक्षियों को अभय प्रदान करते हैं तथा उनकी संपत्ति की रक्षा और मनोकामना पूर्ण करते हैं। एक धार्मिक मान्यता के अनुसार नागदेव बाबा को पाताल के देवता के रूप में भी माना जाता है।

नवविवाहित जोड़े और नवजातों के संस्कार के लिए भी पहुंचते हैं लोग

धनगौरी बाबा मंदिर में धार्मिक आस्था के चलते नवविवाहित जोड़ों द्वारा पूजा-अर्चना करने की परंपरा भी है। इसके अलावा नवजात बच्चों की चोटी (मुंडन/चूड़ाकरण) जैसे धार्मिक कार्यक्रम भी यहां बड़ी संख्या में आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और उन्हें बेहतर एवं सुरक्षित दर्शन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंदिर समिति ने मंदिर को भव्य स्वरूप देने की योजना तैयार की है।

श्रद्धालुओं में उत्साह

करीब 4 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले प्रस्तावित विकास कार्य को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। मंदिर समिति का कहना है कि जीर्णोद्धार और विकास कार्य पूरा होने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी तथा धनगौरी बाबा मंदिर को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने में भी मदद मिलेगी। बैठक में मंदिर समिति अध्यक्ष गिरधर यादव, राजू यदुवंशी, होरीराम यदुवंशी, साधू पटेल, हेमराज यदुवंशी, राजू यदुवंशी सहित इंजीनियर मयंक उपस्थित रहे।



ट्रेन में प्रसव पीड़ा बैतूल में सीजेरियन से बची मां-बच्ची

बैतूल। आगरा से छत्तीसगढ़ जा रही गोंडवाना एक्सप्रेस में सफर कर रही 24 वर्षीय गर्भवती पूजा को आमला के पास तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। अनजान जगह होने से पूजा और उनके पति संदीप को परेशानी हुई। इसी दौरान एक ऑटो चालक ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमला पहुंचाया। आमला में प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने हालत देखते हुए पूजा को जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया। पूजा दोपहर करीब 1.50 बजे जिला अस्पताल पहुंचीं। यहां डॉक्टरों और स्टाफ ने तुरंत जांच शुरू की। रक्त और यूरिन के सैंपल जांच के लिए भेजे। हालत देखते हुए एलएससीएस यानी सीजेरियन ऑपरेशन का फैसला लिया। पूजा को तुरंत ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट किया। एनेस्थीसिया टीम को सूचना दी। डॉक्टरों के मुताबिक यह पूजा की दूसरी गर्भावस्था थी। पहले बच्चे की मेकोनियम एस्पिरेशन के कारण एलएससीएस के एक दिन बाद मौत हो गई थी। डॉक्टरों ने सफल ऑपरेशन किया। मां और नवजात दोनों सुरक्षित हैं। नवजात को निगरानी के लिए एसएनसीयू में भर्ती किया है। मामले में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे, डॉ. रामलखन स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. रानू वर्मा एनेस्थीसिया, ओटी एवं एसएनसीयू स्टाफ के समन्वित प्रयास एवं समय पर लिए गए निर्णय से मरीज व नवजात को इलाज मिल सका।

एसडीएम व पुलिस को सौंपा ज्ञापन

झूठे प्रकरणों से जूझते पुरुषों की आवाज बना एसआईएफ बैतूल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल/आमला

पुरुषों के अधिकार, सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं न्याय से जुड़े मुद्दों को लेकर एसआईएफ बैतूल द्वारा आमला में एसडीएम कार्यालय एवं पुलिस थाना में ज्ञापन सौंपकर पुरुषों और उनके परिवारों का पक्ष सुनने तथा निष्पक्ष जांच के बाद कार्रवाई की मांग की। एसआईएफ बैतूल वर्ष 2019 से पुरुष पीड़ितों और उनके परिवारों को निःशुल्क मार्गदर्शन व सहायता प्रदान कर रहा है। ज्ञापन में झूठे एवं तथ्यहीन प्रकरण, कानूनी प्रावधानों के कथित दुरुपयोग, साइबर फर्जी पहचान, यौन शोषण के नाम पर दबाव बनाना एवं ब्लैकमेलिंग, पारिवारिक-आर्थिक उत्पीड़न, धमकी और हिंसा जैसे मुद्दे उठाए गए। संगठन ने मांग की कि किसी पुरुष के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई से पहले उसके और परिवार के पक्ष को भी सुना जाए तथा तथ्यों एवं साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच हो। यदि जांच में जानबूझकर झूठा प्रकरण दर्ज कराकर सरकारी योजना, आर्थिक सहायता, भरण-पोषण या अन्य आर्थिक लाभ लेने का प्रयास सिद्ध हो, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। हत्या, हत्या के प्रयास या हत्या की साजिश के मामलों में भी निष्पक्ष जांच की मांग की गई। ज्ञापन में साइबर ब्लैकमेलिंग और पारिवारिक विवादों से पुरुषों पर पड़ने वाले मानसिक दबाव एवं आत्महत्या के जोखिम को देखते हुए सहायता और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान पुरुष सहायता हेल्पलाइन 8882498498 नंबर साझा किया गया, जहां पीड़ित पुरुष और उनके परिवार निःशुल्क सहायता एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

संगठन के संस्थापक डॉ. संदीप गोहे ने अपील की कि झूठे मामले में फंसाने की धमकी मिलने या झूठा प्रकरण दर्ज होने पर कोई पुरुष आपराधिक कदम न उठाए और कानून अपने हाथ में लेने के बजाय एसआईएफ बैतूल से संपर्क करे। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश झारे, छन्नू बेले, अशोक नागले एवं लखनलाल नागले, बली राम पठाये, निगम बेले आदि उपस्थित रहे।

पद्मश्री गुलाबो, एवरेस्टर अंजना और जेल सुप्रिटेंडेंट ने बताई संघर्ष की कहानी

बैतूल में सजा मणिकर्णिका का गौरवशाली मंच 4 राज्यों की 24 प्रतिभाशाली बेटियों का सम्मान



बैतूल। बेटियां जब अपने हौसले, संघर्ष और प्रतिभा से सीमाओं को पार कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाती हैं, तो उनकी उपलब्धियां पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन जाती हैं। ऐसी ही प्रतिभाशाली और उपलब्धियों से अपनी अलग पहचान बनाने वाली बेटियों के सम्मान में रविवार को बैतूल में ह्यमणिकर्णिका सम्मान समारोहह्ल का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जयंवती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के अटल सभागृह में आयोजित समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली चार राज्यों की 24 प्रतिभाशाली महिलाओं और बेटियों को ह्यमणिकर्णिका सम्मान से नवाजा गया। बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. वसंत श्रीवास्तव एवं एडवोकेट नीरजा श्रीवास्तव की पुत्री स्व. नेहा अभिषेक श्रीवास्तव की स्मृति में आयोजित इस समारोह ने एक बार फिर बेटियों की उपलब्धियों, संघर्ष और सफलता को सम्मान का मंच दिया। इस अवसर पर सैकड़ों छात्राओं से पद्मश्री गुलाबो सपेरा, एवरेस्टर अंजना यादव, प्राची यादव पैरा ओलंपियन और जेल सुप्रिटेंडेंट रजनी सहगल ने संघर्ष और सफलता की कहानी बताई।

पद्मश्री गुलाबो सपेरा की मौजूदगी बनी खास आकर्षण

समारोह में राजस्थान की सुप्रसिद्ध कालबेलिया नृत्यांगना पद्मश्री गुलाबो सपेरा का सम्मान विशेष आकर्षण रहा। इसके साथ ही किलिमंजारो विजेता इंस्पेक्टर दीपिका गौतम, पैराकैनो एथलीट प्राची यादव, पर्वतारोही अंजना यादव, जम्मू-कश्मीर की प्रथम महिला जेलर रजनी सहगल, ओडिसी एवं महरी नृत्यांगना रूपाश्री महापात्रा सहित अलग-अलग क्षेत्रों में पहचान बनाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

तीन बाल अपचारी समेत सात गिरफ्तार

झपटमारी और लूट के 3 मामलों का खुलासा

सोने के आभूषण और मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



सारनी पुलिस ने महिलाओं से मंगलसूत्र और सोने की चैन झपटने तथा युवक से मोबाइल छीनने के तीन अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए तीन बाल अपचारियों समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मंगलसूत्र, चार सोने के मोती, सोने की चैन का टुकड़ा, एक कान की बाली, करीब 21 हजार 500 रुपए कीमत का मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। पहला मामला 21 सितंबर का है। संत रविदास कॉलोनी पाथाखेड़ा निवासी 52 वर्षीय सुमन पंडाग्रे एबी टाइप ऑफिसर कॉलोनी से काम करके पैदल घर लौट रही थीं। शिव मंदिर के पास पीछे से स्कूटी पर आए तीन युवकों ने उनके गले से मंगलसूत्र और उसमें लगे सोने के मोती झपट लिए थे। पुलिस ने जांच के दौरान तीन बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में नीलम बिन्दवारी की भूमिका सामने आई। जांच में यह भी पता चला कि लूटा गया मंगलसूत्र और सोने के मोती वैष्णवी एवं एक बाल अपचारी के माध्यम से आलोक सिखदार को करीब 15 हजार रुपए में बेचे गए थे। पुलिस ने नीलम बिन्दवारी, वैष्णवी और आलोक सिखदार को तीन बाल अपचारियों के साथ गिरफ्तार किया है। दूसरा मामला 14 सितंबर की रात का है। आजाद नगर पाथाखेड़ा निवासी 62 वर्षीय महिला दुकान बंद कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए दो युवकों ने उनका मुंह दबाकर गले में पहनी सोने की चैन खींच ली। महिला द्वारा चैन पकड़ लेने पर उसका पिछला हिस्सा टूट गया और आरोपी चैन का हिस्सा लेकर फरार हो गए थे। इस मामले में मंगलसूत्र लूट के प्रकरण में पकड़े गए एक बाल अपचारी से पूछताछ के दौरान राहुल उर्फ कटप्पा का नाम सामने आया। पुलिस ने 28 सितंबर को राहुल उर्फ कटप्पा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने की चैन का टुकड़ा बरामद किया है। वहीं तीसरे मामले में 15 मई को शोभापुर निवासी शहनबाज उर्फ सन्नी से कालीमाई बाजार के पास वीवो टी4एक्स 5जी मोबाइल छीन लिया गया था। मोबाइल वापस मांगने पर उसे धमकी देने की बात भी शिकायत में सामने आई थी। पुलिस ने मामले में नीलम बिन्दवारी और उसकी पुत्री मुस्कान बिन्दवारी को गिरफ्तार कर लिया।

तेज आवाज में डीजे बजाने वाले 2 संचालकों पर कार्रवाई

बैतूल। गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान बिना वैध अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाने एवं डीजे वाहन खड़ा कर लोक मार्ग बाधित करने के दो मामलों में थाना गंज पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की गई। 25 सितंबर को जेएच कॉलेज गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान कॉलेज चौक पर कुलदीप आडियो के डीजे वाहन को बिना वैध अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाते पाया गया। पुलिस द्वारा समझाइश दिए जाने के बावजूद डीजे बंद नहीं किया गया। मामले में थाना गंज में धारा 285 बीएनएस, धारा 7/15 कोलाहल अधिनियम एवं धारा 182(ए)(4), 66/192(1) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वहीं 26 सितंबर को चुन्नीढाना, राजेन्द्र वार्ड में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान विराट डीजे साउंड इवेंट बैतूल द्वारा बिना वैध अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाने तथा लोक मार्ग बाधित करने पर थाना गंज पुलिस ने धारा 285 बीएनएस, धारा 7/15 कोलाहल अधिनियम एवं धारा 182(ए)(4), 66/192(ए) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा सभी डीजे संचालकों, आयोजन समितियों एवं आमजन से अपील की गई है कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के दौरान निर्धारित ध्वनि सीमा, समय-सीमा एवं यातायात संबंधी नियमों का पालन करें। बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे का संचालन न करें तथा जुलूस के दौरान लोक मार्ग एवं यातायात व्यवस्था बाधित न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के आवेदनों का त्वरित निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें

शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर डॉ. सोनवणे

सेवा सेतु अभियान में पात्र हितग्राहियों को शिविर में ही लाभ दिलाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं अभियानों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के विभागवार निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर निराकरण संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी विभागवार समीक्षा कर शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने नगरीय निकायवार ट्रेंचिंग ग्राउंड के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने क्वालिटी सेग्रीगेशन तथा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियां अभी से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। चिचोली के ट्रेंचिंग ग्राउंड से संबंधित समस्या का भी शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

राजस्व प्रकरणों का रियल टाइम निराकरण करें

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कर उन्हें रियल टाइम निराकरण की स्थिति में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में भी अपेक्षित प्रगति लाने को कहा। संबल योजना से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

नल-जल योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें

कलेक्टर ने नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें। किसी योजना के बंद होने अथवा अपूर्ण रहने की स्थिति में संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय कर समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने फ्लैग डे पर विभागों को दिए गए लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी संबंधित



अधिकारियों को दिए।

पात्र हितग्राहियों को क्रमबद्ध तरीके से लाभ प्रदान करे

लक्षित योजनाओं में वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध शेष रहे पात्र हितग्राहियों को क्रमबद्ध तरीके से लाभ प्रदान किया जाए। शिविर में आने वाले हितग्राहियों के पंजीयन के लिए पृथक से तीन स्टॉल लगाए जाएं तथा इन स्टॉल पर दक्ष कम्प्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति की जाए। कैंप प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अपने स्टॉल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। ब्लॉक स्तर पर यदि किसी विभाग का अधिकारी पदस्थ नहीं है, तो कलेक्टर स्तर से अधिकारी की कैंप के लिए नियुक्ति की जाएगी। कलेक्टर ने सेवा सेतु अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्राप्त होने वाली राजस्व संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए।

शिक्षा संजीवनी अभियान के कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत विभिन्न विभागों को सौंपे गए उन्नयन कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सौंपे गए कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गणेश जायसवाल, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

खबर संक्षेप

परियोजना अधिकारी सुषमा चौरसिया निलंबित

माखन नगर। परियोजना अधिकारी सुषमा चौरसिया ने आंगनबाड़ी सहायिका को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नियम विरुद्ध पदोन्नति कर दी नियुक्ति में वरिष्ठता क्रम की अनदेखी कर कनिष्ठ की नियुक्ति की है आयुक्त नर्मदा पुरम ने उक्त कृत्य को अत्यंत गंभीर कदाचरण एवं अनुशासनहीनता माना है सुषमा चौरसिया परियोजना अधिकारी माखन नगर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है निलंबन अवधि में श्रीमती चौरसिया का मुख्यालय नर्मदापुरम नियत किया गया है।

भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का नगरागमन पर स्वागत

इटारसी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के इटारसी आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बंजारा मोबाइल शॉप पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कल्पेश अग्रवाल और युवा नेता हन्नु बंजारा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में इनके अलावा प्रदीप रैकवार, अभिनव शर्मा, मनोज मालवीय, शिवकांत मालवीय, आकाश प्रजापति, सुमित सिंह, अतुल पटेल, अंकित तिवारी, अभिषेक दुबे, मुन्ना उइके, कमल लाटा, शुभम मौर्य और गोविंद चौरे सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

समूह की महिलाओं ने ली स्वच्छता की शपथ

नर्मदापुरम। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्थानीय जनपद पंचायत नर्मदापुरम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बैठक के उपरांत स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर समूह की महिलाओं ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने, स्वयं स्वच्छ रहने तथा अपने घर, गांव और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। महिलाओं ने स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने की भी शपथ ली। शपथ कार्यक्रम में एनआरएलएम एवं जनपद पंचायत नर्मदापुरम से दुर्गेश ठाकुर, कविता पाठक, कैलाश कीर एवं रामकुमार गौर सहित स्व-सहायता समूहों की लगभग 100 महिलाओं ने सहभागिता की।

शहर की सड़कों का बुरा हाल, प्रशासन से की सुधार की मांग

रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस तक का मार्ग बदहाल

शहर में रेलवे स्टेशन से लोनिवि रेस्ट हाउस तक डामरीकृत मार्ग बना है। जो इस वर्ष सामान्य बारिश में खस्ताहाल हो गया है। नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए सुधार की मांग की है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में रेलवे स्टेशन से लोनिवि रेस्ट हाउस तक डामरीकृत मार्ग बना है। जो इस वर्ष सामान्य बारिश में खस्ताहाल हो गया है। नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए सुधार की मांग की है।

कांग्रेस नगर निकाय प्रकोष्ठ नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित सहित कांग्रेसियों प्रखर शर्मा, सचिन श्रोती आदि ने बताया कि लाखों रुपए लागत से डामरीकृत मार्ग बनाया गया। नप व लोनिवि की एजेंसियों ने अपने-अपने हिस्से का मार्ग बनाए, लेकिन मार्ग की हालत खराब है। उक्त मार्ग का निर्माण वर्ष 2025 में पूर्ण हुआ और कुछ दिन बाद ही हालत खराब होने से घटिया निर्माण की पोल खुल गई थी। इस बार की बारिश में मार्ग और खराब हो गया व इसमें गड्ढे होने से नागरिक परेशान हैं। मामले में व्यापारियों व आसपास के आबादी क्षेत्र के नागरिकों ने सड़क सुधार की मांग प्रशासन से की है।

पहले भी था खस्ताहाल

ऋषभ दीक्षित ने बताया कि लगभग तीन वर्ष तक रास्ता खुदा पड़ा था। जिस पर बोल्डर, गिट्टी तथा बजरा डले थे तथा नागरिकों को असुविधा होती थी। मार्ग से छोटे वाहनों की आवाजाही नहीं होती थी, तथा बड़े वाहन गुजरते थे। जिसके कारण धूल उड़ने से लोगों को श्वांस रोगों का सामना भी करना पड़ रहा था। तब जनदबाव पर मार्ग बनाया गया। लेकिन मार्ग की हालत खराब है। बताया जाता है कि मार्ग की लंबाई लगभग 500 मीटर है।

स्टेट हाईवे पर शंकर मंदिर से लोनिवि रेस्ट हाउस तक होगा मार्ग चौड़ीकरण



सोहागपुर। सोहागपुर शहर में सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने जल भराव समस्या के स्थाई निराकरण के प्रयास जोर पकड़ रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह ने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को निर्देश दिए हैं कि सोहागपुर में सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव बनाकर दें, ताकि समस्या निराकृत हो।उल्लेखनीय है कि समस्याग्रस्त स्थल पर चार वर्षों से जलभराव समस्या है। जहां गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं एवं आवाजाही भी प्रभावित होती है।

सहायक प्रबंधक से चर्चा की

सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बुधवार सुबह मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम सहायक प्रबंधक पीके निमझे से चर्चा की है। निमझे ने चर्चा में सरोज को जवाब दिया कि सड़क चौड़ीकरण व शोल्डर पर पेबल्स लगाने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ करेंगे, ताकि समस्या निराकृत हो। इधर नागरिकों को प्रतीक्षा है कि भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कुछ सप्ताह पूर्व किए गए आंदोलन का परिणाम जल्द मिले तथा सड़क सुधार हो। फिलहाल नगर परिषद द्वारा समस्या समाधान के लिए नाली निर्माण किया जा रहा है।

अवैध शराब की बिक्री बंद कराने ग्रामीण हुए लामबंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम बुधवाडा के ग्रामीण ग्राम में अवैध शराब बिक्री से परेशान है गांव में माहौल खराब होने की चिंता हो रही है शराबी स्कूल जाने वाले बच्चों से अभद्र कमेंट करते हैं ग्राम की महिलाओं एवं ग्राम वासियों ने विगत दिनों पुलिस को सरपंच एवं ग्राम वासियों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देकर शिकायत की थी कि ग्राम के दो-तीन लोग अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं इन पर कार्रवाई की जाए जब कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों ने बताया मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देने के लिए नर्मदा पुरम जाएंगे ग्राम की महिला सरिता मीना संगीता मीणा अनीता बाडिबा अशोक उईके चंपा उईके मोहरिया उईके शर्मिला उईके सहित अनेक लोगों ने बताया हम अनेक ग्रामवासी नर्मदापुरम पहुंचकर अवैध शराब की बिक्री बंद कराने एवं बेचने वालों पर कार्रवाई केलिए जनसुनवाई में आवेदन देंगे।

वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने से बना रहता दुर्घटना का खतरा

पिपरिया। आजकल मोबाइल फोन पर बात करते हुए लोगों के द्वारा गाड़ी चलाते हुए बात की जा रही है। जिसके कारण भी दो लोगों कि जिंदगी को खतरा बना रहता है।इस मामले पर पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटाको गंभीरता से विचार करना चाहिए। क्यों कि मोटरसाइकिल चलाने वाले लोगों को प्रतिबंधित किया जावे की वह मोटरसाइकिल चलाने के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करेंगे। तथा फोर व्हीलर वाहन में भी गाड़ी चलाते हुए मोबाइल फोन का उपयोग नहीं किया जा सकता। एसा प्रतिबंध आवश्यक रूप से लगाएं तो सामने वाला व्यक्ति एवं वाहन चालक दोनों सुरक्षित रह सकते हैं। क्यों कि वर्तमान समय में मोटरसाइकिल सवार होकर मोबाइल फोन पर बात करते हुए एक तो गाड़ी खड़ी करके बात नहीं करते हैं। जिसमें चलाने वाले का ध्यान बातों पर रहता है। सिर नीचे झुका हुआ होता है। जिसके कारण कोई बीमारी भी हो सकती है। तथा सामने से आ रहे। इस मामले में पुलिस अधीक्षकसांई कृष्णा थोटा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले में सामुहिक बैठक कर समझाने का प्रयास किया जावेगा। यदि कोई समाधान नहीं हुआ तो कानून अपना कार्य करेगा ।

स्वर कोकिला लता दीदी की जयंती पर देनवा म्यूजिकल ग्रुप ने किया 'ट्रिपल टीम फ्यूजन' कार्यक्रम, कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





स्वर कोकिला स्व. लता मंगेशकर की जयंती पर देनवा म्यूजिकल सोहागपुर ने रविवार रात 'ट्रिपल टीम फ्यूजन' कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें तीन स्थानों के गायक-गायिकाओं की टीमों ने विविध एकल व युगल गीतों की प्रस्तुतियां दीं।

देनवा म्यूजिकल ग्रुप सोहागपुर संयोजक अभय खंडेलवाल ने बताया कि स्वर कोकिला स्व. लता मंगेशकर की जन्मतिथि पर आयोजित कार्यक्रम रात एक बजे संपन्न हुआ। इस दौरान नर्मदापुरम-से पूर्व नपा अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल के नेतृत्व में निकिता वरयानी, संजय शाह, मनीष दुबे, शीतल हजेला, कमल झा, प्रकाश आहूजा, दीपक केवट, माधवी दुबे तथा सूरज तलरेजा ने सुमधुर गीत गाए। पिपरिया से फहीम अब्दुल्ला एवं उनके सहयोगियों आलोक माहेश्वरी, आनंद भार्गव,आनंद सोडानी, एएसआई गणेश राय ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। सोहागपुर से अभय खंडेलवाल सहित राजेश दुबे, अखिलेश चौरसिया, अश्विनी सरोज, अमित बिल्लौरे, मोहनीश साहू, अशोक चौरसिया, चित्रा तिवारी, अर्चना खंडेलवाल, वीरेंद्र दुबे, अमित छाबड़िया आदि ने गीत गाए। इस दौरान लता मंगेशकर तथा अन्य गायक-गायिकाओं के गीतों सहित भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। आयोजन से जुड़े दीपक यशवंत साहू ने बताया कि यह पहला अवसर था जब तीन अलग-अलग स्थानों की टीमों ने एक साथ गीतों की प्रस्तुतियां दी। नर्मदापुरम-के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल तथा पिपरिया से फहीम अब्दुल्ला ने कहा कि यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान धनराज तिवारी, डीके मिश्रा, डॉ. सोमेश सिटोके, संजय खंडेलवाल, दयाराम छाबड़िया, संजय सांवल, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल, भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़िया, सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, दीपक यशवंत साहू, नीलेश शर्मा, अधिवक्ता भरत तिवारी, सुब्रत ढाली, मनीषा सिटोके, चित्रा तिवारी, नलिनी मिश्रा, अर्चना खंडेलवाल, कंचन छाबड़िया, रानी दुबे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित बिल्लौरे ने किया।

सोहागपुर में कार में दिखा चूहा, पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, सवारियों को आई चोटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर एवं शोभापुर के बीच सोमवार को कार अनियंत्रित हो वृक्ष से टकरा गई। जिससे कार में सवार दंपति को चोटें आई हैं। घायलों को इलाज के लिए नर्मदापुरम-रेफर किया गया है।

सोहागपुर थाने में पदस्थ एएसआई गणेश राय ने बताया कि ग्राम अकोला टोला के पास बनखेड़ी वासी लेखराज सोनी की कार एमपी 04 सीटी 0106 अनियंत्रित होकर एक वृक्ष से टकरा गई। कार में लेखराज के साथ उनकी पत्नी लक्ष्मी सोनी भी कार में सवार थी। दुर्घटना में पति-पत्नी को चोटें आई हैं। सूचना पर शोभापुर पुलिस एवं 108 एंबुलेंस पहुंची एवं घायलों को सोहागपुर के शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार पश्चात इलाज के लिए नर्मदापुरम-भेजा गया है।

चूहा बना कारण

लेखराज सोनी ने पुलिस को बताया कि कार चलाते समय दोनों पति-पत्नी ने सीट बेल्ट लगाए थे। तथा गाड़ी के ब्रेक के पास अचानक चूहा आ जाने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई व वृक्ष से टकरा गई। दंपती द्वारा सीट बेल्ट लगे होने से गाड़ी में लगे एयरबैग खुल गए और दंपती को अधिक चोटें नहीं आई हैं। सीटबेल्ट ने बड़ी दुर्घटना टाल दी। पुलिस ने यातायात संबंधी जागरूकता अभियान की याद दिलाते हुए नागरिकों से अपील की है कि वाहन में दस्तावेज दुरुस्त रखें, बीमा कराएं, वाहन में बैठते ही सीट बेल्ट लगाएं व दोपहिया वाहन चलाते समय चालक एवं अन्य सवारी हेलमेट लगाएं।

68 हजार 896 वर्गफीट जमीन पर दावेदारों की लगी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगरपालिका परिषद क्षेत्र के साडियां रोड पर वर्षों से गो शाला के नाम भूमि है। जो वर्तमान शासकीय रिकार्ड में गो रक्षणी सभा के नाम पर खसरा नंबर 5/1,6/1,6/2,पर कुल रकबा 68896 वर्ग फीट जमीन है। जिसमें रकबा 1/1पर 29749,15123, वर्ग फीट भूमि है। इसी तरह से 1/2 रकवा में 2034 वर्ग फीट जमीन है। रकबा 4/1/,मे 6530 वर्ग फीट जमीन है। रकबा 5मे12200, वर्ग फीट जमीन है। रकबा 7मे 3200 वर्ग फीट जमीन दर्ज है। शासकीय रिकार्ड के अनुसार अभी वर्तमान में गो रक्षणी सभा के अध्यक्ष भगवान दास अग्रवाल का नाम दर्ज है। इस जमीन पर कब्जा किया हुआ है।

लेकिन अभी वर्तमान में ही राठी सेल्स सेनेटरी भवन निर्माण सामग्री की दुकान खाली हुई है। जिसमें लगभग अलग-अलग 3 दुकान थी। लेकिन अभी और अन्य दुकान दार भी अपनी दुकान चला रहे हैं। लेकिन अभी वर्तमान में सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के शोभापुर पंचायत के राजा परिवार जनों के नाम चर्चा में है। वह लोग अपनी जमीन होने का दावा कर रहे हैं। लेकिन शासकीय अधिकारियों के अनुसार सैकड़ों वर्षों पहले यह भूमि गो शाला के लिए दान में दी गई थीराज परिवार के लोगों को आगे लाने में कुछ लोग अहम भूमिका निभाने में लगे हैं। लेकिन शासकीय रिकार्ड में गो रक्षणी सभा के नाम सभी भूमि दर्ज कराई गई है।

एक दुकान खाली हुई है। लेकिन अभी शेष दुकानदार अपनी दुकान को बचाने में जुटे हुए हैं। इस बारे में गो रक्षणी सभा के अध्यक्ष भगवान दास अग्रवाल से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि वह अभी वर्तमान में वाहर लेकिन यह सही है की उक्त भूमि गो रक्षणी सभा के नाम पर दर्ज है। शासकीय रिकार्ड के बारे में पटवारी राजस्व मनीष गिरी पटवारी राजस्व तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि वर्तमान समय में कुल 68896 वर्ग फीट जमीन पर गो रक्षणी सभा का नाम दर्ज है। राजा परिवार के नाम की जानकारी अभी के रिकार्ड में दर्ज नहीं है। यदि अध्यक्ष एन समिति के द्वारा संबंधित मामले में कोई कार्रवाई की जाती है तो पुरे रिकार्ड कि जांच कराई जाएगी।

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में नर्मदापुरम रहा विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

उच्च शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता बी एस एस एस कॉलेज भोपाल में आयोजित हुई, जिसमें नर्मदापुरम की महिला बैडमिंटन टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अग्रणी महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ धर्मेंद्र सिंह दल प्रबंधक के रूप में मौजूद रहे, जहां नर्मदापुरम टीम विजेता एवं भोपाल टीम उपविजेता रही। कालेज के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय की छात्रा नीति यादव ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे उत्साह एवं खेल भावना के साथ सहभागिता की। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से महिला दल को मजबूती मिली और टीम ने प्रतियोगिता में विजय हासिल की। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य एवं समस्त कालेज परिवार ने नीति यादव सहित सभी विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं है।

आंगनबाड़ी वार्ड नं 4 में हुआ आंगन मिलन का आयोजन



पचमढ़ी। वार्ड नं 04 में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में पचमढ़ी वार्ड नं 03 के हितग्राही भी उपस्थित रहे। महिलाओं द्वारा अपनी अपनी सफलता कि कहानी सुनाई गई। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा यादव एवं सदस्य गीता श्रीवास,गौरी कोरी, आशा मेहरा, पुष्पा यादव, हिना खान, कृष्णा ठाकुर, हरसाली सिस्टर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राज श्री,विमला चौधरी, सुमित्रा जाटव उपस्थित रहीं। भाजपा महिलाओं मोर्चा कार्यकर्ताओ का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजश्री एवं सुमित्रा जाटव ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।

गणेश प्रतिमा का किया विसर्जन अगले बरस जल्दी आ गूंजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर विगत 78 वर्षों से नागर परिवार गणेश उत्सव धूमधाम और पूरे श्रद्धा के साथ मनाते आ रहा है इस वर्ष भी नागर परिवार द्वारा सुंदर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है परिवार ने 10 दिन तक विधि विधान से सेवा पूजा कर श्री गणेश जी का नर्मदा नदी में विसर्जन किया डीजे एवं बैंड बाजे के साथ नगर में चल समारोह निकाला गणेश जी से सुख समृद्धि की कामना की एवं प्रार्थना की अगले वर्ष तू जल्दी आ विसर्जन उपरांत भंडारा एवं प्रसादी वितरण की गई।

क्षमावाणी के साथ हुआ पर्व का समापन

पर्युषण पर्व पर निकाली गई भव्य विमानयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जैन समाज द्वारा पर्युषण पर्व के अवसर पर आर्यिका संघ के सान्निध्य में दशलक्षण धर्म की आराधना करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से एक भव्य विमानयात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में श्री नेमिनाथ मंदिर और श्री पार्श्वनाथ मंदिर के विमान शामिल रहे, जिसमें समाजजनों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया।

नंगे पैर और श्वेत वस्त्रों में उमड़े श्रद्धालु

दोपहर के समय सातवीं लाइन स्थित श्री नेमिनाथ मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा दूसरी लाइन के श्री पार्श्वनाथ मंदिर पहुंची। यात्रा की अगुवाई धर्म पताका लिए बच्चे कर रहे थे। श्वेत परिधानों में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान के प्रति गहरी आस्था प्रकट करते हुए पूरे रास्ते नंगे पैर चलकर यात्रा पूरी की।

यह विमानयात्रा लाइन एरिया से होते हुए महात्मा गांधी मार्ग, नीमवाड़ा, जयस्तंभ चौक, जवाहर बाजार, द्वारकाधीश मंदिर और सराफा बाजार से गुजरकर वापस मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने विमान में विराजमान तीर्थंकर भगवान की आरती उतारी और श्रीफल अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान दोनों मंदिरों में भगवान का अभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना भी संपन्न हुई।

मैत्री और सद्भाव का संदेशः क्षमावाणी पर्व

पर्युषण पर्व का समापन क्षमावाणी के साथ हुआ। इस अवसर पर समाजजनों ने एक-दूसरे से बीते वर्ष में जाने-अनजाने हुई भूलों के लिए क्षमायाचना की। श्रद्धालुओं ने व्यक्तिगत रूप से मिलकर और मोबाइल संदेशों के माध्यम से 'उत्तम क्षमा' कहते हुए परस्पर मैत्री व सद्भाव का संदेश दिया और मन में किसी भी प्रकार का बैर-भाव न रखने का संकल्प लिया।

क्षमा वाणी महापर्व पर जैन समाज ने मांगी परस्पर क्षमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर बाबई में रविवार को क्षमा वाणी महापर्व श्रद्धा एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन रात्रि 8 बजे मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी समाजजनों ने एक-दूसरे से वर्षभर में जाने-अनजाने हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगी तथा सभी के प्रति मैत्री, प्रेम और सद्भाव की भावना व्यक्त की। समाजजनों ने "मिच्छामि दुक्कड़म" कहते हुए परस्पर क्षमा याचना की और मन में किसी के प्रति वैर-भाव न रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

खबर संक्षेप



जिला पंचायत के नवागत सीईओ ने ग्रहण किया कार्यभार

हरदा। जिला पंचायत के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरोत्तम भार्गव ने आज जिला पंचायत पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण कुमार इवने ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत सीईओ श्री भार्गव ने जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, लंबित कार्यों तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। श्री भार्गव ने विभागीय योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

3 और 4 को लगेंगे जनसेवा शिविर

हरदा। नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ह्यसेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जाएगा। राजस्व विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अभियान के तहत मेगा शिविर 3 अक्टूबर को सभी विकासखंड मुख्यालयों पर और 4 अक्टूबर को नगरीय निकायों के वार्ड/जोन स्तर पर आयोजित होंगे। शिविरों का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर पर कैम्प के आयोजन के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा नगरीय क्षेत्र हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभारी अधिकारी होंगे।

अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर 2 को

हरदा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गांधी जयंती के अवसर पर अस्पृश्यता निवारण शिविर एवं सहभोज कार्यक्रम 2 अक्टूबर को आयोजित होगा। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग प्रमोद माथुर ने बताया कि अस्पृश्यता निवारण शिविर एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष 2 अक्टूबर को खिरकिया विकासखण्ड के ग्राम पंधानिया के आंगनवाड़ी केन्द्र के पास दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

राशन विक्रेता 1 से करेंगे हड़ताल



हरदा। मध्यप्रदेश राशन विक्रेता संघ ने सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें राशन विक्रेताओं की 5 सूत्रीय मांगें रखी गई हैं। संघ ने चेतावनी दी कि 30 सितंबर तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो 1 अक्टूबर से प्रदेशभर में 7 दिन की हड़ताल और आंदोलन किया जाएगा। संघ ने कहा कि प्रदेश में करीब 28 हजार राशन दुकानों के जरिए गरीब परिवारों को अनाज वितरित किया जाता है। कोविड-19 जैसे मुश्किल दौर में भी विक्रेताओं ने सेवाएं जारी रखीं। बढ़ती महंगाई, दुकान संचालन के खर्च और कम कमीशन के कारण आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राशन विक्रेताओं ने उचित कमीशन बढ़ाने और दुकान संचालन के खर्च की व्यवस्था करने की मांग की है। इसके अलावा ई-केवाईसी के लिए अलग भुगतान, बिजली बिल, गोदाम किराया और मोबाइल रिचार्ज का खर्च देने की मांग भी शामिल है। संघ ने खाद्य विभाग द्वारा कमीशन में की गई कटौती का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

आपरेशन प्रहार में बड़ी कार्रवाई, 59.74 क्विंटल गांजा के पौधे जब्त

दो अलग-अलग खेतों में दी दबिश में गांजा के 15,191 पौधे मिले, कीमत 2.98 करोड़ आंकी





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन/झिरन्या

अवैध मादक पदार्थों की खेती के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत खरगोन पुलिस ने चैनपुर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग खेतों से करीब 59.74 क्विंटल गांजा के पौधे जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे के पौधों की अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 98 लाख 70 हजार रुपए है। दोनों मामलों में चार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई चौकी हेलापडावा, थाना चैनपुर क्षेत्र के ग्राम जामली और गुवाड़ा के ठाटा फलिया में की गई। दोनों स्थान शेडो एरिया (जहां मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है) में बताए गए हैं। पुलिस टीम को खेतों तक पहुंचने के लिए नदी, पहाड़ी और दुर्गम रास्तों से होकर जाना पड़ा। खेतों की सर्चिंग में ड्रोन की भी मदद ली गई।

जामली में 3,765 किलो गांजा के पौधे जब्त

पुलिस के मुताबिक ग्राम जामली में दंगलिया, मधू और सुखलाल के खेत की घेराबंदी कर दबिश दी गई। सर्चिंग के दौरान बड़ी संख्या में गांजा के पौधे लगे मिले। पुलिस ने यहां से 9,391 पौधे, जिनका कुल वजन 3,765 किलोग्राम बताया गया है, जब्त किए। इनकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 88 लाख 25 हजार रुपए है। इस मामले में दंगलिया पिता भुवान, मधू पिता दंगलिया और सुखलाल पिता केरिया, तीनों निवासी ग्राम जामली के खिलाफ थाना चैनपुर में अपराध क्रमांक 311/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

गुवाड़ा में 2,209 किलो गांजा के पौधे मिले

इसी तरह पुलिस टीम ने ग्राम गुवाड़ा के ठाटा फलिया में जागीर के खेत पर दबिश दी। यहां से पुलिस ने 5,800 गांजा के पौधे, कुल वजन 2,209 किलोग्राम, जब्त किए। पुलिस ने इनकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 10 लाख 45 हजार रुपए बताई है। इस मामले में जागीर पिता बुटसिंह, निवासी ग्राम गुवाड़ा के खिलाफ थाना चैनपुर में अपराध क्रमांक 312/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

दोनों कार्रवाई में 15,191 पौधे जब्त

पुलिस के अनुसार दोनों कार्रवाई में 15,191 गांजा के पौधे जब्त किए गए, जिनका कुल वजन 5,974 किलोग्राम (59.74 क्विंटल) है। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 98 लाख 70 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस का कहना है कि शेडो एरिया में कार्रवाई होने के कारण टीम के सामने मोबाइल नेटवर्क सहित कई चुनौतियां थीं।

गांजे के पौधों को खेतों से उखाड़कर जब्त करने में पुलिसकर्मियों को कई घंटे मेहनत करनी पड़ी। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन अनुराग और उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन सिमाला प्रसाद के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन (शहर) बिट्टू सहगल के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में चैनपुर, भीकनगांव, बिस्टान, गोगावां थाना पुलिस, चौकियों तथा पुलिस लाइन खरगोन की संयुक्त टीम शामिल रही।

मप्र पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

स्वामित्व योजना में पटवारियों को अलग करने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 के अंतर्गत पटवारियों को निष्पादक के दायित्व से पृथक किए जाने सहित योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला हरदा ने ज्ञापन सौंपा। स

'घ पदाधिकारियों ने डिप्टी कलेक्टर स्वेता भमोरे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर शासन स्तर पर समस्याओं के निराकरण की मांग रखी। ज्ञापन में पटवारी संघ ने कहा कि स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न विभागों के दायित्व स्पष्ट किए जाना आवश्यक है। संघ ने मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा 24 सितंबर 2026 को जारी परिपत्र का हवाला देते हुए कहा कि स्वामित्व योजना का मूल विभाग पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार है। ऐसे में इसके क्रियान्वयन का दायित्व राजस्व विभाग से नहीं कराया जाना चाहिए तथा पटवारियों को निष्पादन के दायित्व से अलग किया जाना चाहिए। संघ ने यह भी कहा कि योजना के तहत भूमि स्वामी के नाम-अभिलेख में विसंगति होने पर पटवारी द्वारा विलेख का निष्पादन नहीं करने तथा ऐसे मामलों का निराकरण सक्षम प्राधिकारी द्वारा किए जाने का प्रावधान है। वहीं नाम में अंतर पाए जाने पर विभिन्न दस्तावेजों के आधार पर पहचान की पुष्टि करने संबंधी प्रावधान भी दिए गए हैं। संघ के अनुसार इन प्रावधानों को लेकर पटवारियों पर दोहरे दायित्व की स्थिति बन रही है।

ज्ञापन में ग्राम आबादी में निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान, पारिवारिक स्थिति एवं वास्तविक निवास की पुष्टि का दायित्व पटवारी पर डालने को भी व्यवहारिक कठिनाई बताया गया। संघ ने कहा कि पटवारी का कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से भूमि एवं खातेदार संबंधी राजस्व कार्यों तक सीमित है। ऐसे में पहचान एवं नाम संबंधी विवादों में अंतिम निर्णय का दायित्व सक्षम प्राधिकारी अथवा संबंधित विभागीय अधिकारी के स्तर पर रखा जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष सहित राजेश वर्मा, फूलसिंह उइके, राजनारायण बट्टी, सुशील दुबे, श्याम पवार सहित अन्य पटवारी साथी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस पर कार्यशाला संपन्न

महिलाओं व किशोरियों को स्वास्थ्य से संबंधित सेवाएं बताईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस का उद्देश्य सुरक्षित गर्भ समापन सेवाओं के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना, असुरक्षित गर्भ समापन से होने वाली मातृ मृत्यु एवं जटिलताओं की रोकथाम करना तथा महिलाओं एवं किशोरियों को उनके प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित अधिकारों एवं उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि कार्यशाला में जिला आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत राज विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से संशोधित गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम 1971 तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट (पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994) के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलजा महाजन ने कहा कि जानकारी का अभाव, सामाजिक कलंक, सेवाओं तक पहुँच में कठिनाई, प्रशिक्षित सेवा प्रदाताओं की कमी तथा असुरक्षित तरीकों का उपयोग महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। उचित परामर्श महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य संस्थाओं तक पहुँचाने में सहायता करता है। कार्यशाला में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश गौड़, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.के. चौरे, जिला चिकित्सालय से नव नियुक्त महिला चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ, डीपीएचएनओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यकर्ता एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

मेरी कहानी-मेरी सफलता लाभार्थी संवाद आयोजित किया

लाभार्थी महिलाओं के अनुभवों को वीडियो में रिकॉर्ड किया



हरदा। आंगन मिलन सेवा अभियान के अंतर्गत परियोजना खिरकिया के 108 आंगनबाड़ी केन्द्रों में तृतीय दिवस के लिए निर्धारित गतिविधियों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को विभागीय योजनाओं से जोड़ना, योजनाओं के लाभ से हुए सकारात्मक बदलावों को साझा करना तथा समुदाय में योजनाओं के प्रति विश्वास एवं जागरूकता बढ़ाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विवेक शर्मा ने बताया कि तृतीय दिवस की निर्धारित गतिविधि के अंतर्गत मेरी कहानी-मेरी सफलता थीम पर लाभार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभागीय योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं एवं माताओं को अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया। लाभार्थी महिलाओं ने बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से प्राप्त सेवाओं से उन्हें किस प्रकार लाभ मिला तथा उनके एवं उनके परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव आये। गतिविधि के दौरान लाभार्थी महिलाओं के अनुभवों को वीडियो के माध्यम से रिकॉर्ड किया गया, ताकि विभागीय योजनाओं के प्रभाव एवं सफलता की वास्तविक कहानियों को अन्य महिलाओं एवं समुदाय तक पहुँचाया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं एवं बच्चों को शासन द्वारा संचालित पोषण, स्वास्थ्य, महिला कल्याण एवं बाल विकास संबंधी योजनाओं की जानकारी सरल एवं सहज भाषा में प्रदान की गई। माताओं के साथ संवाद करते हुए बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, आंगनबाड़ी केन्द्र से मिलने वाली सेवाओं तथा बच्चों की देखभाल से संबंधित आवश्यक जानकारी भी साझा की गई। माताओं को आंगनबाड़ी केन्द्र से नियमित रूप से जुड़ने तथा उपलब्ध सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रेसवार्ता में विधायक बोले- किसी पात्र मतदाता को अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा

राजनीतिक विफलता का ठीकरा संवैधानिक संस्था पर फोड़ रहे राहुल : पाटीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



विश्व में सबसे सुव्यवस्थित लोकतंत्र भारत का माना जाता है। इसी लोकतंत्र की ताकत से आजादी के बाद से देश में सरकारें बनती आ रही है। कांग्रेस जब चुनाव जीतती है तो चुनाव आयोग, वोटर लिस्ट और ईवीएम सब सही होते हैं, लेकिन हारते ही राहुल गांधी संस्थाओं पर सवाल उठाने लगते हैं। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ-सबका विकास की सोच रखकर जनता के बीच जाती है। यही कारण है कि जनता भाजपा पर विश्वास जताकर सत्ता सौंप रही है, जनता का यह विश्वास कांग्रेस को रास नही आ रहा है। एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर के बावजूद राहुल गांधी झूठा नैरेटिव फैलाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी किसी पात्र मतदाता को उसके अधिकार से वंचित नहीं होने देगी।यह बात विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों के बीच कही। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, भाजपा उपाध्यक्ष शंभू सिंह मनहर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौड़, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, जिला महामंत्री हरेसिंह चावड़ा मंचासीन रहे। जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जिस तरह के बेबुनियाद और शर्मनाक आरोप चुनाव आयोग पर लगा रहे हैं, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और हम इसकी भत्र्सना करते हैं।

विधायक पाटीदार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी अब तक विदेशों में जाकर देश के खिलाफ दुष्प्रचार करते थे, लेकिन अब देश में भी एसआईआर के नाम पर भ्रम फैलाने में जुटे है। कांग्रेस जनता के बीच मेहनत कर जीतने के बजाय कांग्रेस झूठ और फरेब का सहारा ले रही है। राहुल गांधी को अपनी राजनीतिक विफलता का आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने चुनाव आयोग पर विपक्ष के आरोपों को लेकर कहा कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक और सुप्रीम कोर्ट द्वारा मान्य है। समय-समय पर चुनाव आयोग मतदान सूची में बदलाव, पुनरीक्षण का कार्य करता है। वर्तमान दौर डीजीटल का है, इसलिए एसआईआर की प्रक्रिया भी बदली है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि किसी मतदाता का अधिकार नहीं छीना जाएगा। विधायक ने विपक्ष से अपील की कि जनता का विश्वास जीतने के लिए मेहनत करें, न कि संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाएं।

मंडलेश्वर में चलाया स्वच्छता अभियान

सेवा पखवाड़ा, नर्मदा तट की स्वच्छता का लिया संकल्प, श्रद्धालुओं को किया जागरुक



खरगोन। मेरा युवा भारत खरगोन के जिला युवा अधिकारी श्री कुशांग सिंह चौहान के निर्देशन में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मंडलेश्वर के नर्मदा घाटों पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। ब्लॉक महेश्वर की मेरा युवा भारत वालंटियर दिव्या चौबे के नेतृत्व में आयोजित अभियान में स्वयंसेवकों ने नर्मदा तट एवं घाट परिसर की स्वच्छता की। अभियान के दौरान घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं से संवाद कर उन्हें नर्मदा तट एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं से नर्मदा तट पर कचरा नहीं फैलाने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं स्वयंसेवकों ने नर्मदा तट की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। अभियान का उद्देश्य नर्मदा तटों को स्वच्छ रखने के साथ ही आमजन में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और सहभागिता की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में ब्लॉक कसरावद के मेरा युवा भारत वालंटियर मंजूला मंडलोई एवं रितिक नागराज ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर अमित पगारे, हेमंत टंसोरे, विवेक कड़ोले, प्रेम कानपुरे, कासिमुद्दीन खान, करिश्मा जोशी, पदमा सिटोले, विशाखा चौबे एवं वासु चौबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास से मनाया जैन समाज ने क्षमावाणी महोत्सव

रैली में वाहनों पर निकले जैन समाज के सदस्य, घूम कर मांगी क्षमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



अपने संस्कारों और संस्कृति के लिए विशिष्ट पहचान रखने वाली श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा आत्मकल्याण के पावन पर्व पर्यूषण के समापन पर आज शहरभर में रैली के रूप में वाहनों पर घुमकर क्षमा महोत्सव मनाया। जैन समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन एवं कोषाध्यक्ष राजीव रविंद्र जैन ने बताया कि संस्कृति और संस्कार हमारी पहचान है, हमें गलतियों की क्षमा मांगने से परहेज नहीं है। हम इससे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। हमारे धर्म संस्कार इसे कर्मों के छय का उत्कृष्ट मार्ग बताते हैं। इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए दिगम्बर जैन समाज द्वारा सामूहिक क्षमावाणी महोत्सव मनाया। क्षमावाणी महोत्सव पर्व प्रातःकाल मंदिर जी में विशेष पूजन किया गया। दोपहर में मंदिर जी से घटयात्रा निकाली गई इसके पश्चात विश्व शांति और प्राणीमात्र के कल्याण की कामना को लेकर चांदी की पांडुकशिला पर श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा की गई। शांतिधारा का सौभाग्य हेमंत अजमेरा, सुनील पाटनी को प्राप्त हुआ। राजीव जैन ने बताया की संध्याकाल में मंदिर जी में आरती के पश्चात श्री दिगम्बर जैन समाज एवं अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा त्यागी वृतीयों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जैनम दिव्य घोष द्वारा समाज के लोगों को स्वल्पाहार करवाया गया इसके पश्चात शहर में वाहन रैली के रूप में घुमकर क्षमावाणी महोत्सव मनाया गया। संयोजन जैन समाज के नवयुवकों एवं जैनम दिव्यघोष के द्वारा समाज के सहयोग से किया गया था। जैन समाज ने आभार व्यक्त किया।

बांस शिल्प को दिलाई नई पहचान, मुख्यमंत्री ने थपथपाई थी पीठ

असिस्टेंट से एंटरप्रेन्योर बने टिमरनी के अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



अच्छी खबर

जब हुनर को सही तकनीक और बाजार की समझ मिल जाए, तो वह न सिर्फ एक व्यक्ति की तकदीर बदलता है बल्कि पूरे समाज के लिए रोजगार के नए द्वार खोल देता है। कुछ ऐसी ही मिसाल पेश की है हरदा जिले के टिमरनी निवासी अर्पित बछौतिया ने, जो आज क्षेत्र के युवाओं और पारंपरिक शिल्पकारों के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं। अर्पित ने टिमरनी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सहयोग से स्थापित ह्यबांसकारी टेक्नोलॉजी कम कॉमन फैसिलिटी सेंटरह्ल में एक प्रोजेक्ट असिस्टेंट के रूप में अपने सफर की शुरुआत की थी। काम के दौरान अर्पित ने महसूस किया कि स्थानीय शिल्पकारों के पास हुनर की तो कोई कमी नहीं है और वे बेहतरीन उत्पाद भी बनाते हैं, लेकिन सही मार्केटिंग और उचित बाजार न मिलने के कारण उन्हें अपनी मेहनत का सही दाम नहीं मिल पाता। इस समस्या को दूर करने के लिए अर्पित ने खुद केंद्र के माध्यम से बांस के वैज्ञानिक उपचार, आधुनिक डिजाइनिंग, फिनिशिंग, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और डिजिटल मार्केटिंग के गुर सीखे। प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने स्वयं को एक मार्केटिंग लीडर के रूप में स्थापित किया और स्थानीय शिल्पकारों को राज्य स्तरीय मेलों, सरकारी कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और बड़े खरीदारों से सीधे जोड़ना शुरू कर दिया। उनके इस प्रयास की बदौलत आज टिमरनी के शिल्पकारों द्वारा बनाए गए डिजाइनर बास्केट, लैपटॉप स्टैंड, पेन स्टैंड, प्लांटर और पर्यावरण के अनुकूल अन्य बांस उत्पाद देश भर के ग्राहकों तक पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने की सराहना

वर्ष 2026 में हरदा में आयोजित राज्य स्तरीय कृषि आधारित कौशल विकास सम्मेलन में जब अर्पित के मार्गदर्शन में तैयार बांस उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, तो मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी उनके कार्यों और इस अनूठी पहल की सराहना की। वर्तमान में अर्पित खुद एक सफल बांस उद्यमी बन चुके हैं और इस क्षेत्र से सम्मानजनक आय अर्जित कर रहे हैं।